2017 →

दिनांक 10-07-17

आज दिनांक 10-7-17 को अपराह्न 2.00 बजे प्राचार्य (डॉ. बी. बी. बड़थ्वाल) की अध्यक्षता में प्राध्यापक परिषद् की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यतः शैक्षणिक कार्य का संचालन व व्यवस्था, महाविद्यालय विकास सम्बन्धी विभिन्न बिंदुओं व सह-शैक्षणिक गतिविधियों व अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में अवकाश पर चल रहे प्राध्यापकों के अतिरिक्त समस्त संकाय सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में प्राचार्य महोदय ने पूर्व बैठक जो कि 22-8-16 को आयोजित की गई - उस बैठक के मिनिट्स तैयार न होने के कारण आज प्रस्तुत नहीं की जा सकी। उन्होंने सदस्यों को अवगत कराया कि वे स्वयं उस समय उपाचार्य पद पर कार्य कर रहे थे। छात्रसंघ चुनावों की व्यस्तता व चुनावों के तुरन्त पश्चात पदोन्नति के कारण व अन्यत्र पदस्थापन के कारण वे मिनिट्स नहीं लिख सके। उन्हें सदन से अगली बैठक में प्रस्तुत करने की स्वीकृति मांगी व सभी ने सहमति दी।

प्राचार्य महोदय ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने सदस्यों को ~~अवगत~~ अवगत कराया कि जुलाई 17 से सभी संकायों में भाग द्वितीय, तृतीय एवं एम. ए. हिन्दी उत्तरार्द्ध की कक्षाएं नियमित रूप से चल रही हैं। उन्होंने गत 2 वर्षों से महाविद्यालय में हुए विकास कार्यों / शैक्षणिक व अशैक्षणिक के सफल संचालन व उपलब्धियों के लिए संकाय सदस्यों के योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। तत्पश्चात प्राचार्य जी ने सदस्यों को अपने विचार व्यक्त करने के लिए

Date ..........
Page ..........

आमन्त्रित किया।

सर्वप्रथम डॉ देवीशंकरजी शर्मा ने बताया कि उनके विभाग से उन्हें अवगत कराये बिना दो वॉलफेन अन्यत्र ले जाये गये हैं जो कि आज तक भी (10-7-17) लगाये नहीं गये हैं। बिना विभागाध्यक्ष की अनुमति के ~~सामान्य~~ विभाग का कोई भी सामान अन्यत्र स्थानान्तरित न किया जाये।

उन्होंने स्थापना शाखा की दयनीय स्थिति के सम्बन्ध में भी चर्चा की व इसकी कार्यप्रणाली में सुधार की बात कही।

श्री सोहन लालजी ने महाविद्यालय विकास समिति के सौजन्य से लगाये गये कार्मिकों से अधिक से अधिक काम लिया जाना चाहिए सामान्यतः देखा गया है कि उनके द्वारा कार्य निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही है इस पर अंकुश लगाया जाना चाहिए।

'निर्भया हॉल' में महिला व्याख्याताओं द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण किया जाना चाहिए।

डॉ प्रमोद जी दीक्षित ने महाविद्यालय में सघन वृक्षारोपण करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक वृक्ष के जन्मदिन मनाये जाने का विचार रखा।

श्री संतकुमार जी मीणा ने पौधों की सुरक्षा का भी विचार रखा।

श्री सोहन लाल जी ने उत्पादक वृक्षों को लगाने का सुझाव दिया ताकि फलदार वृक्ष महाविद्यालय की आय का साधन बन सके।

डॉ कविता जी शर्मा ने सुझाव दिया कि हम के ~~उत्पादक~~ उत्पादक वृक्ष लगाने पर बल दिया।

श्री संत कुमार जी मीणा ने महाविद्यालय के बाहर, मुख्य गेट के आगे तारबंदी कर

MBD WRITEWELL
Date ..................
Page ..................

पौधारोपण करने का सुझाव दिया साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की आवश्यकता बतलाई।
अंत में प्राध्यापक-परिषद की सचिव डॉ. पुष्पा बड़थ्वाल ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रकाशपाल
सचिव

प्राचार्य

Date ..................
Page ..................

दिनांक 30/9/2021

आज दिनांक 30/9/2021 को अपराह्न एक बजे प्राचार्य (डॉ. वी.के स्वामी) की अध्यक्षता में प्राध्यापक परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य ने सर्वप्रथम गत बैठक का विवरण प्रस्तुत किया। प्राचार्य महोदय ने सभी संकाय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

बैठक में सर्वप्रथम सहायक आचार्य श्री कमलेश जोशी (हिन्दी) ने वरिष्ठता के बारे में विचार करने के लिए कहा। श्री शेरसिंह जी ने संकाय सदस्यों से अपनी एनर्जी पोजिटिविटी (सकारात्मक) में लगाने के लिए आग्रह किया। प्राचार्य वी.के.स्वामी ने रिसर्च वर्क में काम करने के लिए संकाय सदस्यों को प्रेरित किया। प्राणीशास्त्र विषय में S.F.S के अन्तर्गत पी.जी किया जाए। डॉ. योगेश चाहर सह आचार्य रसायन शास्त्र ने पुस्तकालय भवन व वाणिज्य ब्लॉक के नव निर्माण की बात कही। सह आचार्य जीवन-विज्ञान डॉ. देवीशंकर शर्मा ने अनधिकृत रूप से कमेटियों के कार्य में अन्य लोगों के हस्तक्षेप के लिए मना किया। उन्होंने स्टेटिक्स पर बाबू व लेखाकार के साइन नहीं होने चाहिए क्योंकि ये लोग कुछ काम नहीं करते।

सहायक आचार्य (भौतिकशास्त्र) श्री शंकरलाल जी फिजिक्स लैब में बोर्ड व लेक्चर स्टैण्ड लगवाने के लिए कहा। प्राणीशास्त्र व रसायनशास्त्र की लैब में टूटे हुए फर्श को सही करने के लिए कहा।

डॉ. योगेश जी ने तीनों विषय (भौतिक शास्त्र, रसायन-शास्त्र, ~~वनस्पति~~ वनस्पति शास्त्र) को सरकार से मान्यता ली जाए। S.F.S. में चल रहे विषयों की पुस्तकें व लैब के उपकरण क्रय की जाएं।

(हस्ताक्षर)
सचिव

(हस्ताक्षर)
प्राचार्य

प्राचार्य
सै.बु.दु.रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर, चूरु

दिनांक- 25/8/2022

आज दिनांक 25/8/2022 को प्राचार्य कक्ष में प्राध्यापक परिषद की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्राचार्य डॉ. वी. के. स्वामी की अध्यक्षता में छात्र संघ चुनाव 2022 की तैयारियों एवम् आयोजन के संबंध विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने प्राध्यापक परिषद के समस्त सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात प्राध्यापक परिषद सचिव डॉ. कविता शर्मा ने गत बैठक 30/9/2021 की कार्यवाही का विवरण पढ़कर सुनाया जिसे सभी ने ध्वनिमत से पारित किया।

बैठक में सर्वप्रथम मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. कविता शर्मा ने छात्रसंघ चुनाव पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं ईमानदारी से आयोजित किए जायें। उन्होंने आयुक्तालय से समय-2 पर प्राप्त चुनाव संबंधी परिपत्रों के अनुसार चुनावी कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी। लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों की अनुपालना करते हुए छात्रसंघ चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए कहा। प्राचार्य डॉ. वी. के. स्वामी ने भी चुनाव कार्य को गम्भीरता से लेने पर जोर दिया। मु. नि. अधिकारी ने मतपत्र ठीक से जाँच करने एवं लेखा-जोखा रखना व पारदर्शिता से कार्य करने के लिए कहा। श्री शेरसिंह ने टेण्डर मत की नौबत नहीं आये ऐसा हमारा प्रयास रहना चाहिए। डॉ. देवीशंकर शर्मा ने प्रत्येक मतदाता के परिचय पत्र पर voted की सील अनिवार्य रूप से लगाने के लिए कहा। डॉ. योगेश व्याहर ने परिचय पत्र की अच्छी प्रकार से जाँच परख कर ही विद्यार्थी (मतदाता) से हस्ताक्षर करवाएं।

मत पत्रों के मिलाने की प्रक्रिया 25/8/2022 को ही पूर्ण होनी चाहिए तथा मतपत्रों के पृष्ठ भाग पर मु. नि. अ. की फेसीमाइल मोहर अंकित की जानी चाहिए व इसके पास ही संबंधित मतदान केन्द्र के प्रभारी पीठासीन अधिकारी अपने लघु हस्ताक्षर करें।

मतदान दल के सदस्यों को भी मतदान प्रक्रिया की संक्षिप्त जानकारी दी गई। मतदान दल के प्रभारी व सदस्यों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने मतदान केन्द्रों की समस्त व्यवस्थाओं का ~~कर~~ अवलोकन कर मु.नि.अ. को रिपोर्ट कर दिनांक 25/4/2022 को महाविद्यालय से प्रस्थान करे। सभी अधिकारी व कर्मचारी दिनांक 26/4/22 को प्रातः 6.30 बजे महाविद्यालय में आवश्यक रूप से उपस्थित होने का श्रम करें।

मतदान समाप्ति के अगले दिन दिनांक 27/4/2022 को मतगणना होगी। मतगणना कक्ष में किसी को भी अपना मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी का आभार व्यक्त कर बैठक विसर्जित करने के लिए कहा। बैठक में ~~[illegible]~~ सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

(हस्ताक्षर)
सचिव

(हस्ताक्षर)
प्राचार्य
प्राचार्य
से.बु.दु.रा.स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर,चूरु